सं.जैड-28016/70/2024-पीएमएसएसवाई-IV(8307511)
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(पीएमएसएसवाई प्रभाग)

कमरा सं 201-डी,
निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं के रूप में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत रायपुर (छत्तीसगढ़) तथा बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) प्रत्येक में एक-एक एम्स की स्थापना की है। उप निदेशक (प्रशासन) के पद के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर स्थानांतरण पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका ब्यौरा निम्नवत् है: -

| क्र.सं. | पद का नाम | मूल वेतन (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | प्रत्येक एम्स के लिए पदों की संख्या | एम्स जिसके लिए पद भरा जाना है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप निदेशक (प्रशासन) | लेवल -13<br><br>(123100-215900 रुपये) | 01 | 1. रायपुर (छत्तीसगढ़)<br>2. बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) |

2. पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45वां दिन है।

3. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रारूप इस मंत्रालय की वेबसाइट https://www.mohfw.gov.in और https://pmssy-mohfw.gov.in पर उपलब्ध है और वहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता हैं। सभी संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में विधिवत रूप से भरे गए आवेदन पत्र श्री दिनेश कुमार, संयुक्त निदेशक (पीएमएसएसवाई-IV), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा संख्या 201, डी-विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011 को भेजा जा सकता है। लिफाफे पर "नए एम्स में उप निदेशक (प्रशासन) के पद के लिए आवेदन पत्र" लिखा होना चाहिए ।

4. प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस या किसी अन्य संगठन / विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित, साधारणत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में तीन वर्षों के लिए होगी।

5. एम्स का आवंटन: चयनित उम्मीदवारों की तैनाती के अंतिम स्थल का निर्णय मंत्रालय द्वारा लिया जाएगा।

6. अधिकतम आयु सीमा: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. अर्हता:

| पद का नाम | भर्ती नियम |
|---|---|
| उप निदेशक (प्रशासन) | केंद्र /राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकार / विश्वविद्यालयों / सांविधिक / स्वायत्त शासी निकायों या अनुसंधान और विकास संगठन के ऐसे अधिकारी जो:<br>नियमित आधार पर सदृश पद पर हों।<br>अथवा<br>केंद्र सरकार के उप सचिव या समकक्ष स्तर के ऐसे अधिकारी जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (78800-209200 रुपये) में (7वें सीपीसी के अनुसार)/(6वेंसीपीसी के अनुसार 7600/- रुपये ग्रेड पे-पूर्व संशोधित) पांच वर्षों की नियमित सेवा की है। |

उक्त सेवा अवधि मानदंड और अधिकतम आयु सीमा के संदर्भ में पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।

8. इन पदों पर समान स्थिति वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य सामान्य भत्ते और पीएमएसएसवाई के तहत नए एम्स के लिए स्वीकृत अन्य भत्ते शामिल हैं।

9. निर्धारित अर्हता/ पात्रता न्यूनतम अपेक्षा है और यह उम्मीदवार को स्वत: रूप से चयन के लिए पात्र नहीं बनाती है। जीवनवृत्त के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा और केवल चयनित उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

10. ऐसे पात्र उम्मीदवारों जिन्हें चयन की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिवसों के भीतर उपरोक्त पते पर अधोहस्तारी को उचित माध्यम के जरिए अग्रेषित किए जा सकते हैं। जिनके साथ (क) पिछले पांच (05) वर्षों की अद्यतन एपीएआर की सत्यापित प्रतियां; (ख) सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र जिसमें स्पष्ट रूप से इंगित किया हो कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है; (ग) अधिरोपित लघु/प्रमुख शास्ति, यदि कोई हों, को दर्शाने वाला विवरण और (घ) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न हो। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने आवेदन में प्रस्तुत विवरण के प्रमाण के रूप में सभी संबंधित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों पर साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

11. इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन पीएमएसएसवाई प्रभाग की वेबसाइट अर्थात् https://pmssy-mohfw.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

दिनेश कुमार

(दिनेश कुमार)
संयुक्त निदेशक
दूरभाष: 011-23061730

# आवेदन प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम:

2. नाम और पता (साफ अक्षरों में):

3. ईमेल और मोबाईल नंबर:

4. जन्म तिथि:

4. सेवानिवृत्ति की तारीख:

5. शैक्षिक अर्हता:

7. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित किसी अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो इसके प्राधिकार के बारे में बताएं)

| पद के लिए अपेक्षित अर्हक सेवा, योग्यता/अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हक सेवा, योग्यता/अनुभव |
|---|---|
| | |

8. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के आलोक में आप पद की अनिवार्य अर्हता और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं।

9. कालानुक्रमिक रूप में रोजगार का विवरण यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित एक पृथक शीट संलग्न करें

| कार्यालय /संस्था | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान/वेतन लेवल | कार्य- प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

10. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी:

11. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर धारित किया है, तो कृपया ब्यौरा दें:
क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति की अवधि

ग) वर्तमान कार्यालय / संगठन का नाम, जिससे आवेदक संबंधित है

12. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण, कृपया बताएं कि किसके तहत कार्यरत है (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें)
क) केंद्र सरकार
ख)राज्य सरकार
ग) स्वायत्तशासी निकाय
घ) सरकारी उपक्रम

ङ) विश्वविद्यालय
च) अन्य

13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तिथि दर्शाएं, जबसे वेतन मान में संशोधन हुआ और साथ ही पूर्व-संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें।

14. अब प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां (सातवें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल और वेतन संरचना आदि):-

(क): वर्तमान वेतन लेवल
(ख): वर्तमान वेतन लेवल कब से आहरित कर रहें हैं
(ग): कुल परिलब्धियां

15. अतिरिक्त जानकारी,यदि कोई हो, जिसे आप आवेदित पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं (यहां अन्य के साथ निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते हैं:
(i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और(iii) कार्य अनुभव
(नोट: यदि स्थान पर्याप्त नहीं है, तो एक अलग शीट संलग्न करें)

16. क्या उम्मीदवार अनु. जाति/अनु. जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं:

17.पिछले 10 वर्षों के दौरान दंड दिए जाने से संबंधित स्थिति, यदि कोई हो

18.वर्तमान पद और पदनाम (किस तिथि से धारित किया है)

19. एम्स के विकल्प (कृपया निचे दिए बक्सों में वरीयता के क्रम में 1 से 2 इंगित करे)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | → | | बिलासपुर | → | |

## घोषणा

मैंने रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे भलीभांति ज्ञात है कि अनिवार्य अर्हता/ कार्य अनुभव के संबंध में मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित जीवन-वृत्त में दी गई जानकारी का भी पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरे द्वारा इस आवेदन में दी गई सूचना मेरी श्रेष्ठ जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और सत्य हैं।

स्थान:

तिथि:

(आवेदक के हस्ताक्षर)

नाम.................

नियोक्ता/ संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई सूचना / विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं।वह विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव रखता है।यदि उसका चयन होता है, तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है:

i) श्री / श्रीमती.__________________ के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक या आपराधिक मामला लंबित / अपेक्षित नहीं है।

ii) उसकी सत्यनिष्ठता प्रमाणित की जाती है।

iii) उसका पांच वर्ष का सीआर डोजियर/ ए पी ए आर की विधिवत यथा सत्यापित प्रतियॉ संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ी/ छोटी शास्ति अध्यारोपित नहीं की गई है अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर अध्यारोपित बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)।

प्रतिहस्ताक्षरित
(नियोक्ता / संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी मुहर सहित)